CS (MAIN) Exam:2016

**M-ESC-U-PSC**

# मनोविज्ञान / PSYCHOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों के उत्तर निर्दिष्ट किये गये शब्द संख्या के अनुसार होना चाहिए अन्यथा विहित सीमा से कम या अधिक शब्दों में दिए गए उत्तरों के अंक काटे जा सकते हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer each of the following questions in about 150 words :** ***10×5=50***

(a) स्पष्ट कीजिए कि मनोविज्ञान की मौलिक समझ सामाजिक समस्याओं के समाधान में किस प्रकार सहायक होती है।

Explain how the fundamental understanding of psychology is helpful in the resolution of societal problems. *10*

(b) संकरण चर किसी प्रयोग के आभासी परिणामों को कैसे अप्रामाणिक बना सकते हैं ?

How can confounding variables invalidate the apparent results of an experiment ? *10*

(c) "संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक प्राय: कम्प्यूटर का उपयोग मस्तिष्क और संज्ञान के बीच सम्बन्ध की व्याख्या करने में तुल्यरूपता के लिए करते हैं।" विवेचन कीजिए।

"Cognitive psychologists often use computer as an analogy to explain the relation between cognition and brain." Discuss. *10*

www.mpscmaterial.com

(d) उन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों की पहचान कीजिए जो किशोरावस्था के दौरान घटित होते हैं।

Identify the most important changes that occur during adolescence. *10*

(e) स्मृतिलोप से आप क्या समझते हैं ? केस "एच.एम. के मस्तिष्कीय ऑपरेशन" के सन्दर्भ सहित स्मृतिलोप के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

What do you understand by amnesia ? Illustrate the types of amnesia with reference to the case of "H.M.'s brain operation". *10*

**Q2.** (a) समुचित उदाहरणों सहित एकल-समूह और बहु-समूह डिज़ाइनों की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

Discuss, with suitable examples, the key characteristics of within-group and between-groups designs. *15*

(b) संवेदी इनपुट के प्रक्रमण का वर्णन कीजिए और स्पष्ट कीजिए कि कैसे यह चयनित, संघटित और व्याख्यायित किया जाता है।

Describe the processing of sensory input and explain how it is selected, organized and interpreted. *15*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

(c) क्लासिकी अनुबन्धन के संज्ञानात्मक उपागम से अपनी अभिज्ञता दर्शाइए और वर्णन कीजिए कि कैसे क्लासिकी अनुबन्धन सिद्धान्तों का उपयोग दिन-प्रतिदिन की समस्याओं को हल करने में किया जा सकता है ।

Show your acquaintance with the cognitive approach to classical conditioning and describe how classical conditioning principles can be used to solve everyday problems. *20*

**Q3.** (a) विस्मरण की व्यतिकरण थियोरी का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए और दर्शाइए कि कैसे पुनःप्राप्ति प्रावरोध का प्रक्रम विस्मरण को प्रभावित करता है ।

Give a critical appraisal of interference theory of forgetting and show how the process of retrieval inhibition influences forgetting. *20*

(b) अवसीमांत (सबलिमिनल) प्रत्यक्षण की परिघटना का वर्णन कीजिए और इसकी व्याख्या पश्चगामी चिह्नन तथा चाक्षुष उपक्रामण संकल्पनाओं के सन्दर्भ सहित कीजिए । क्या आप सोचते हैं कि अवसीमांत प्रत्यक्षण की परिघटना के प्रभाव का सामान्यीकरण किया जा सकता है ?

Describe the phenomenon of subliminal perception and explain it with reference to the concepts of backward marking and visual priming. Do you think that the effect of the phenomenon of subliminal perception can be generalized ? *15*

(c) एरिक्सन के मनोसामाजिक विकास की अवस्थाओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate Erikson's stages of Psychosocial development. *15*

**Q4.** (a) उन पालन शैलियों (पैरेण्टिंग स्टाइल) का वर्णन कीजिए जिनका उपयोग एक सामान्य बालक के पालन-पोषण में किया जाता है ।

Describe the parenting styles that are used in raising a normal child. *15*

(b) आप इस धारणा से कहाँ तक सहमत हैं कि एक अधिक वरीय क्रिया का अन्य कम वरीय क्रिया को प्रबलित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ? प्रबलन के प्रकारों का वर्णन भी कीजिए ।

How far do you agree with the contention that a more preferred activity can be used to reinforce a less preferred activity ? Also describe the types of reinforcement. *15*

(c) अव्यक्त और व्यक्त स्मृतियों की परिघटनाओं की व्याख्या कीजिए । साथ ही दीर्घकालीन स्मृति के टुलविंग के मॉडल का आलोचनात्मक मूल्यांकन भी कीजिए ।

Explain the phenomena of implicit and explicit memories. Also critically evaluate Tulving's model of long-term memory. *20*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer each of the following questions in about 150 words :** ***10×5=50***

(a) गार्डनर की बुद्धि की थियोरी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
Describe the characteristics of Gardner's theory of intelligence. *10*

(b) मनो-सक्रिय औषधियों के विभिन्न प्रकारों को और उनके उपयोग के प्रतिरूपों को स्पष्ट कीजिए ।
Explain different types of psycho-active drugs and patterns of their use. *10*

(c) अभिवृत्ति परिवर्तन की संज्ञानात्मक असंगति थियोरी का विवेचन कीजिए ।
Discuss cognitive dissonance theory of attitude change. *10*

(d) सांवेगिक बुद्धि की संकल्पना के सम्बन्ध में सैलोवे और मेयर के योगदान की व्याख्या कीजिए ।
Explain the contribution of Salovey and Mayer with regard to the concept of emotional intelligence. *10*

www.mpscmaterial.com

(e) गुणारोपण से क्या तात्पर्य है ? उदाहरणों को प्रस्तुत करते हुए गुणारोपी आवर्धन की परिघटना का वर्णन कीजिए ।
What is meant by attribution ? Describe, citing examples, the phenomenon of attributional augmentation. *10*

**Q6.** (a) अभिवृत्ति के संघटकों को स्पष्ट कीजिए और अभिवृत्ति निर्माण की विधियों का परीक्षण कीजिए ।
Explain the components of attitude and examine the methods of attitude formation. *15*

(b) ऐहिक और अपवादिक सृजनात्मकताओं के बीच विभेदन कीजिए और समुचित अनुसंधान साक्ष्यों का उल्लेख करते हुए, सृजनात्मकता के संगम उपागम का वर्णन कीजिए ।
Distinguish between mundane and exceptional creativities and citing suitable research evidences, describe the confluence approach to creativity. *20*

(c) क्या प्रक्षेपी परीक्षण, वस्तुत: अपने स्वरूप में प्रक्षेपी होते हैं ? रोर्शाक एवं टी.ए.टी. परीक्षणों का वर्णन कीजिए और उनकी विश्वसनीयताओं पर टिप्पणी कीजिए ।
Are projective tests really projective in nature ? Describe Rorschach and TAT tests and comment on their reliabilities. *15*


www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

**Q7.** (a) समस्या समाधान में अधिसंज्ञानात्मक प्रक्रमों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए । प्रकार्यात्मक स्थिरता और मानसिक विन्यास प्रभावी रूप से समस्या समाधान में किस प्रकार अवरोध उत्पन्न करते हैं ?

Critically examine the metacognitive processes in problem solving. How do functional fixedness and mental set interfere in solving the problems effectively ? *15*

(b) अभिप्रेरणात्मक संकल्पनाओं की व्याख्या समस्थैतिक मॉडलों के सन्दर्भ सहित कीजिए ।

Explain motivational concepts with reference to homeostatic models. *15*

(c) उन शरीरक्रियात्मक परिवर्तनों का वर्णन कीजिए जो निद्रा की प्रक्रिया में, चेतना में होने वाले परिवर्तनों के साथ-साथ घटित होती हैं । प्रमुख निद्रा विकारों का विवेचन भी कीजिए ।

Describe the physiological changes that are accompanied by shifts in consciousness in the process of sleep. Also discuss major sleep disorders. *20*

**Q8.** (a) स्टर्नबर्ग और जे.पी. दास द्वारा प्रस्तावित बुद्धि के सूचना प्रक्रमण मॉडलों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए ।

Give a comparative account of information processing models of intelligence proposed by Sternberg and J.P. Das. *20*

(b) व्यक्तित्व के भारतीय उपागम का विवेचन कीजिए जैसा कि त्रिगुणों में व्यक्त है ।

Discuss the Indian approach to personality as evident in tri-gunas. *15*

(c) भाषा अर्जन के संघटकों का विवेचन उस औसत आयु का उल्लेख करते हुए कीजिए जिस पर ये एक बालक द्वारा दर्शाए जाते हैं ।

Discuss the components of language acquisition citing the average age at which these are demonstrated by a child. *15*



www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial

www.mpscmaterial.com

www.mpscmaterial.com follow us @mpscmaterial on FB, INSTA and t.me/mpscmaterial